जुलाई 2021 | संस्करण. 2 | अंक.4



# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी , उत्तराखण्ड

## मासिक वृतांत - जुलाई 2021

# मल्टी एवं सुपर स्पेशलिटी शिविर

## धर्मावाला, हरिद्वार एवं पेटशाल

धर्मावाला **(4)**, हरिद्वार **(4)** एवं पेटशाल **(1)** मिलाकर कुल **09** सुपर एवं मल्टी स्पेशलिटी शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल **1854** लोग लाभान्वित हुए




पंजीकरण - हरिद्वार



04-07-2021: हरिद्वार : डॉ. शरद पांडे (न्यूरो सर्जन), राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली



11-07-2021: हरिद्वार: डॉ. संदीप कुमार बंसल (MS, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन), फरीदाबाद



11-07-2021: हरिद्वार: डॉ. अविनाश कुमार (जनरल फिजिशियन), नई दिल्ली



04-07-2021: हरिद्वार: डॉ. प्रियंक अग्रवाल (आर्थोपेडिक सर्जन), एल एल आर एम मेडिकल कॉलेज, मेरठ




18-07-2021: हरिद्वार: डॉ. अनिल शर्मा (नेत्र रोग विशेषज्ञ), अम्बाला



11-07-2021: हरिद्वार: डॉ. संदीप कुमार बंसल (MS, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन), फरीदाबाद



04-07-2021: हरिद्वार: डॉ. नीतू (मनोचिकित्सक), एल एल आर एम मेडिकल कॉलेज, मेरठ



25-07-2021: हरिद्वार: डॉ. नवीन अग्रोही (ओर्थोपेडिक सर्जन), रूड़की



18-07-2021: हरिद्वार: डॉ. श्रुति ओगरा, ई एन टी सर्जन, दिल्ली


# मल्टी एवं सुपर स्पेशलिटी शिविर

**अन्य डॉक्टर जिन्होंने हरिद्वार चिकित्सालय में अपनी स्वैच्छिक सेवाएँ प्रदान करीं :**

- 04-07-2021 : डॉ. विकास कुमार बंसल (यूरोलॉजिस्ट), इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली
- 04-07-2021 : डॉ. पुष्पेंद्र राव (मैक्सिलो फेशियल सर्जन), नैनीताल
- 11-07-2021 : डॉ. राहुल चंदोला (हृदय और फेफड़े प्रत्यारोपण सर्जन), मैक्स हॉस्पिटल, साकेत, दिल्ली
- 11-07-2021 : डॉ. संतोष कुमार (हृदय रोग विशेषज्ञ), मैक्स हॉस्पिटल, साकेत, दिल्ली
- 18-07-2021 : डॉ. राज कुमार गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ), एस आर एम मेडिकल कॉलेज बरेली
- 18-07-2021 : डॉ. राम सुभग सैनी (ई एन टी सर्जन), रुड़की
- 25-07-2021 : डॉ. एल. कांत (रेडियोलॉजिस्ट), रुड़की



पंजीकरण - धर्मावाला



18-07-2021: हरिद्वार: **डॉ. प्रशांत जैन (वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट एवं एंड्रोलॉजिस्ट), अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, नई दिल्ली**



25-07-2021: धर्मावाला : **प्रो. डॉ. प्रशांत लावानिया (यूरोलोजिस्ट), एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा**



25-07-2021: हरिद्वार: **डॉ. अतुल खंडेलवाल (यूरोलोजिस्ट), सोनीपत**



25-07-2021: हरिद्वार: **डॉ. विकास ढिल्लों (ई एन टी सर्जन), करनाल**



25-07-2021: धर्मावाला : **डॉ. संदेश कटियार (वरिष्ठ सर्जन), कानपुर**



18-07-2021: हरिद्वार: **डॉ. पवन कुमार (त्वचा रोग विशेषज्ञ), रुड़की**



25-07-2021: धर्मावाला: **डॉ. नकुल उपाध्याय (वरिष्ठ त्वचा विशेषज्ञ), बुलंदशहर**



24-07-2021: पेटशाल: **डॉ. शरद पांडे (न्यूरोसर्जन) राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली**



25-07-2021: धर्मावाला: **जनरल सर्जन: डॉ. शिवम शर्मा एवं डॉ. गोपाल कृष्ण द्विवेदी, एस एन मेडिकल कॉलेज, आगरा**

# पांच शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें पांच गाँव के कुल 192 लोग लाभान्वित हुए

## पेटशाल



09-07-2021: नैनी जागेश्वर गांव
वाइटल मॉनिटरिंग डेस्क पर अपनी स्वास्थ्य समस्या बताती एक वृद्ध महिला

पेटशाल चिकित्सालय के द्वारा अल्मोड़ा जिले के ब्लॉक धौला देवी एवं भैसिया छना के गुनादित्य, खाकरी, खोला, नैनी जागेश्वर और चामी सहित 5 गांवों में कुल 5 सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया । यह गाँव हमारे चिकित्सालय से न्यूनतम 30 किमी से लेकर अधिकतम 52 किमी की दूरी पर स्थित थे । इन शिविरों का आयोजन 2, 9, 10, 28 और 30 जुलाई को किया गया।

इन शिविरों का आयोजन, मौसम सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं और अन्य बिमारियों से जूझ रहे ग्रामीणों को भारी राहत प्रदान कर रहा है। हमारे चिकित्सा शिविर इन सुदूर गांवों और स्थलों को बहुत आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

इस शिविर में दी जाने वाली सेवाओं में रोगी की आवश्यकता और बीमारी के अनुसार बी पी, तापमान, शुगर, SPO2 की जांच, नेबुलाइजेशन और ई सी जी सुविधा सहित सामान्य स्वास्थ्य जाँचें भी शामिल थी। हमेशा की तरह, निर्धारित दवाओं सहित सभी सुविधाएँ पूर्ण रूप से नि:शुल्क प्रदान की गई।

### शिविर में निदान और उपचार की जाने वाली सामान्य बीमारियों में शामिल हैं:

- Hypertension
- डायबिटीज (Diabetes)
- Osteoarthritis
- सर्दी/जुखाम/बुखार
- Fungal infections
- त्वचा रोग
- घाव
- पेडू में दर्द
- मोतियाबिन्द
- दमा
- शारीरिक कमजोरी




09-07-2021: नैनी जागेश्वर गाँव , रोगी परामर्श लेते हुए



10-07-2021: छामी गांव- शिविर की गतिविधियां



28-07-2021: गुणादित्य गाँव - पंजीकरण एवं वाइटल मॉनिटरिंग डेस्क



30-07-2021: खाकरी गाँव - ड्रेसिंग होती हुई




30-07-2021: खाकरी गाँव, रोगी परामर्श लेते हुए



09-07-2021: नैनी जागेश्वर गाँव - ड्रेसिंग होती हुई

# उत्सव



## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (01-07-2021)

मानवता के प्रति उनकी अथक सेवा के लिए डॉक्टरों को धन्यवाद देने हेतु हर वर्ष 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है।

धर्मावाला चिकित्सालय में भी यह दिवस उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया गया जिसमें स्टाफ द्वारा डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी डॉक्टरों ने एक-एक कर अपने कुछ अविस्मरणीय अनुभवों को साझा किया।

## स्वामी विवेकानन्द जी को श्रद्धांजलि (04-07-2021)

स्वामी विवेकानन्द जी ने अपनी और अपने गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस जी की भविष्यवाणियों को पूरा करते हुए 4 जुलाई, 1902 को महासमाधि प्राप्त की।

इस दिन की स्मृति में धर्मावाला चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी गयी।





## गुरु पूर्णिमा (24-07-2021)

'गुरु पूर्णिमा' हिंदू धर्म का एक प्रसिद्ध त्यौहार है जो की हिंदू कैलेंडर के अनुसार आषाढ़ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा को मनाया जाता है।

ये दिवस गुरुओं को समर्पित होता है एवं शिष्य अपने गुरु की विधिवत पूजा करते हैं और उन्हें सभी ज्ञान और जीवन-पाठ के लिए धन्यवाद देते है।

SVHM के 4 चिकित्सालयों में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया जहां समस्त स्टाफ ने हमारे 'गुरु' के रूप में 'भगवा ध्वज' को पुष्पांजलि सहित विधिवत पूजन किया।

# उत्कृष्ट उदाहरण

## नारायणकोटी

*01-07-2021 :*
केदारनाथ धाम क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान *42* वर्षीय एक मजदूर जो की नेपाल का निवासी था, मशीन चलाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसकी जांघ पर गहरी चोट लग गई, जिसके कारण काफी खून बहना शुरू हो गया। चोट गहरी थी और उसकी जांघ की मोटी नाड़ी भी कट चुकी थी। रोगी को नजदीकी पहले सोनप्रयाग और फिर फाटा के सरकारी चिकित्सालयों में ले जाया गया, पर वहां के चिकित्सकों ने इलाज करने में असमर्थता जताई, और उक्त रोगी को हमारे नारायणकोटी चिकित्सालय में रेफर कर दिया। रोगी की जांच में पाया गया की उसका टेंडन *(Tendon)* भी कट गया था इसलिए विशेष ध्यान की आवश्यकता थी। सावधानीपूर्वक चोट को अच्छी तरह से साफ करने के पश्चात सफलतापूर्वक टेंडन को जोड़ा *(Tendon Repair)* गया और *22* टांके लगाने पड़े।

रोगी और उसके परिवार के सदस्य चिकित्सालय द्वारा प्रदान किए गए इस आपातकालीन सुविधा व उपचार से बहुत खुश हुए और उन्होंने चिकित्सालय के स्टाफ को हृदयपूर्वक धन्यवाद दिया।



## नारायणकोटी



*03-07-2021 :*
*24* वर्षीय एक पुरुष, निवासी ग्राम खुमेरा, दोपहिया वाहन चलाते समय एक गंभीर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया । दुर्घटनाग्रस्त रोगी को बेहोशी की हालात में करीब सांय *5* बजे हमारे चिकित्सालय में लाया गया, जहाँ बिना समय गंवाए सभी प्राथमिक उपचार शुरू कर दिए गए। रोगी के सिर व चेहरे पर कई घाव थे जिसके कारण उसे *40* टांके भी लगाए गए। चिकित्सक के परामर्श अनुसार उसका एक्स-रे भी कराया गया, जिसमें सीने में चोट *(Chest Trauma)* का भी पता चला।

रोगी की हालत स्थिर होने के बाद और सिर की गंभीर चोट को ध्यान में रखते हुए उसे सिर के सीटी स्कैन व आगे के उपचार के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। रोगी के परिजनों द्वारा बाद में यह ज्ञात हुआ की रोगी में काफी सुधार आया है और वह स्वस्थ हो रहा है। आपातकालीन स्थिति में चिकित्सालय दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। ऐसे सराहनीय कार्य के लिए रोगी ने चिकित्सालय टीम को उसकी जान बचाने व उसके क्षेत्र में प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया ।

## पीपलकोटी



Radiograph of fully horizontal impacted mandibular third molar tooth

*12-07-2021 :* नीति घाटी सीमा क्षेत्र का रहने वाला एक पुरुष लगभग *7* दिन से निचले जबड़े में दर्द की समस्या से जूझ रहा था। दर्द अत्यधिक बढ़ जाने पर वह अपनी समस्या लेकर हमारे चिकित्सालय पहुँचा। चिकित्सक के परामर्श अनुसार रोगी को एक प्रकार का दन्त विकार *( horizontal impacted mandibular third molar tooth)* पाया गया तथा रोगी को सर्जरी करवाने की सलाह दी गयी। रोगी की सर्जरी चिकित्सक द्वारा सफलतापूर्वक की गयी एवं रोगी इस दन्त विकार की समस्या से राहत मिली।

रोगी सीमावर्ती क्षेत्र से आया था तथा आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण किसी अन्य निजी चिकित्सालय में उपचार नहीं करा पा रहा था। ऐसी स्थिति में हमारे चिकित्सालय द्वारा रोगी की नि:शुल्क सर्जरी की गयी जिसके लिए रोगी एवं उसके परिवार ने हृदय से आभार व्यक्त किया।



# उत्कृष्ठ उदाहरण (कुछ)

## धर्मावाला

28 वर्षीय एक महिला लगभग पिछले 4 वर्ष से मुंह के दर्द की समस्या से जूझ रही थी। महिला के मुंह के अंदर दाहिनी ओर एक छोटी सी गाँठ थी जो प्रारंभ में छोटी थी पर धीरे-धीरे बढती गई, जिससे महिला को खाने और चबाने में दिक्कत होने लगी और उसे लगातार दर्द सहना पड़ रहा था।

महिला गरीब जनजातीय क्षेत्र की रहने वाली थी, तथा पिछले कुछ महीनों से अधिक पीड़ा में थी और उसकी आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण वह किसी अन्य निजी चिकित्सालय में भी उपचार नहीं करा पा रही थी। ऐसी स्थिति में धर्मावाला चिकित्सालय महिला के लिए वरदान स्वरूप बनकर आया एवं उसका उपचार व ऑपरेशन नि:शुल्क किया गया। उपचार के बाद महिला ने इस गंभीर समस्या से निदान पायी और उसकी पीड़ा भी ठीक हो गई। बिना किसी शुल्क गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के लिए उक्त रोगी ने चिकित्सालय टीम की हृदय से प्रशंसा की।







9 माह की आयु के एक शिशु को कई समस्यायों का सामना कर पड़ रहा था क्योंकि उसकी जीभ जन्म से तालु से चिपकी (Tongue Tie) हुई थी और उसे अपनी जीभ बाहर निकालने में कठिनाई हो रही थी। ऐसी स्थिति में शिशु को खाने, बोलने और खाना निगलने में भी तकलीफ हो रही थी।

रोगी को हमारे दंत चिकित्सा विभाग में लाया गया। चिकित्सक के परामर्श अनुसार रोगी को फ्रेनोटॉमी (Frenotomy) सर्जरी की सलाह दी गयी। सर्जिकल प्रक्रिया, फ्रेनोटॉमी सफलतापूर्वक की गई एवं उस शिशु को उसके जन्मजात विकार से मुक्त कर दिया गया।

## एनीमिया कार्यक्रम

- संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 188
- खून में हीमोग्लोबिन लेवल की जांचें : 183
- एनीमिक पाए गए: 107
- उपचार के अंतर्गत : 97

## स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर का जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम

- संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 35
- कुल स्क्रीनिंग : 23



स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर का जागरुकता सत्र

## MY PAD (MENSTRUAL HYGIENE) कार्यक्रम

- मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम के संबंध में व्यक्तिगत परामर्श (counselling) सत्र में भाग लेने वाली किशोरियों और मासिक धर्म वाली महिलाओं की संख्या : 80
- कुल My Pad लाभार्थियों की संख्या : 44
- कुल वितरित Cloth Pads: 102



खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच एवं Counselling सत्र



वजन जाँच



My Pad (Menstrual Hygiene) का जागरुकता सत्र



The Smile: My Pad लाभार्थी




उम्र : 34 वर्ष
उपचार से पूर्व:
Hb: 10.8 ; लक्षण : कमजोरी, चक्कर एवं भूख न लगना
उपचार के पश्चात :
Hb: 14 ; शरीर में स्फूर्ति एवं अन्य कोई भी लक्षण नहीं है
उपचार की अवधि : 2 माह
Follow up विजिट : 4



उम्र: 28 वर्ष
उपचार से पूर्व :
Hb: 7 : लक्षण : कच्चा चांवल खाना, पूरे चेहरे पर झाइयों के निशान, चक्कर एवं कमजोरी.
उपचार के पश्चात :
Hb: 12.7 : कच्चा चांवल खाना बन्द कर दिया,झाइयां पूरी साफ हो गयी, शरीर में ताकत एवं ऊर्जा
उपचार की अवधि: 4 माह
Follow Up विजिट : 12




उम्र: 22 वर्ष, ANC-4 माह
उपचार से पूर्व :
Hb: 8.7; लक्षण : चक्कर, साँस लेने में तकलीफ एवं सिर दर्द
उपचार के पश्चात :
Hb: 12.7 ; कोई लक्षण नहीं है अब
उपचार की अवधि: 4 माह
Follow Up विजिट : 12




उम्र : 17 वर्ष
उपचार से पूर्व:
Hb: 7.7 ; लक्षण : कच्चा चांवल खाना, भूख न लगना एवं चिड़चिड़ापन
उपचार के पश्चात:
Hb: 11.2 ; कच्चा चांवल खाना छोड दिया, भूख बढ़ गयी, शरीर में स्फूर्ति एवं ऊर्जा का संचार
उपचार की अवधि: 3 माह
Follow Up विजिट : 10



# आंकड़े





| SVHM चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 8265 | 166 | 986 | 272 | 33 |
| मनेरी | 89 | 00 | 35 | 00 | 08 |
| नारायणकोटी | 2458 | 70 | 331 | 165 | 44 |
| बड़कोट | 845 | 12 | 319 | 40 | 73 |
| पीपलकोटी | 726 | 29 | 154 | 83 | 22 |
| पेटशाल | 753 | 47 | 132 | 16 | 12 |
| हरिद्वार | 4712 | 25 | 378 | 215 | 22 |
| कुल | 17848 | 349 | 2335 | 791 | 214 |




| SVHM चिकित्सालय | सर्जरी |
|---|---|
| धर्मावाला | 150 |
| बड़कोट | 19 |
| पेटशाल | 4 |
| हरिद्वार | 8 |
| कुल | 181 |

## सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार के चिकित्सालयों में उपलब्ध है




## सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है

| | |
|---|---|
| आयुर्वेद | 328 |
| पंचकर्म | 91 |
| होमियोपैथी | 80 |
| फिजियोथेरेपी | 453 |
| सी टी स्कैन | 232 |
| एंडोस्कोपी | 33 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 21 |

| 1,7716 | 181 | 349 | 2335 | 1100 | 17848 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## मासिक वृतांत

## जुलाई 2021

आपका अमूल्य दान है एक वरदान :
स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी
खाता संख्या: 32584491256
आई एफ एस सी कोड: SBIN0010626
शाखा का नाम: सी एस टी हरबर्टपुर, देहरादून

*https://svhmuk.in*
*https://twitter.com/svhmuk*
*https://www.instagram.com/svhmuk/*
*svhmuk@gmail.com; anujdrs@gmail.com*

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।



धर्मावाला, देहरादून



मनेरी, गंगोत्री मार्ग




नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग




पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग



बद्रीनाथ धाम, चमोली



पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग



केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग




हरिद्वार